https://jac.jharkhand.gov.in

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

WEB-NOTICE – 17 /2026

ज्ञापांक : JAC/JTET/2136/26/Secy/396/26 दिनांक : 14.05.2026

झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 से संबंधित आवश्यक सूचना

झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र दिनांक 21.04.2026 से ऑनलाइन आमंत्रित की जा रही है। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने में त्रुटि होने की सूचना दी गई है एवं उनके द्वारा संशोधन किए जाने की सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। सम्यक् विचारोपरान्त त्रुटि संशोधन के संदर्भ में अभ्यर्थीहित में निम्न सूचना परिषद् स्तर से दी जा रही है :–

(1) <u>आवेदन प्रपत्र भरने में की गई त्रुटियों के निराकरण के संबंध में</u> :– कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये आवेदन प्रपत्र में कई त्रुटियाँ उनके द्वारा Data entry किये जाने के दौरान की गई है और उनके द्वारा त्रुटि संशोधन करने का अनुरोध किया जा रहा है। त्रुटियों के निराकरण के संदर्भ में समीक्षा किये जाने के उपरान्त दो प्रकार की त्रुटियाँ, शुल्क रहित संशोधन एवं शुल्क सहित संशोधन, परिलक्षित हो रही है।

(i) <u>शुल्क रहित संशोधन</u> :– वैसे संशोधन, यथा–नाम/पिता का नाम/माता का नाम/जन्म तिथि/पता/विषय/आदि, जिससे शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा, किये जाने हेतु परिषद् द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने हेतु निर्धारित तिथि के पश्चात् एक अवसर प्रदान किया जायेगा, अभ्यर्थी उक्त प्रावधानित अवसर में वांछित संशोधन कर सकते हैं।

(ii) <u>शुल्क सहित संशोधन</u> :– कोटि एवं Level में संशोधन किये जाने से इसका प्रभाव शुल्क पर पड़ेगा। ऐसी स्थिति में ऐसे अभ्यर्थियों को कोटि एवं Level में संशोधन किए जाने हेतु आवेदन प्रपत्र Cancel कर नये सिरे से आवेदन प्रपत्र भरना आवश्यक होगा। यह प्रक्रिया परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने की अवधि में ही किया जा सकता है। इस अवधि के उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। यह सुविधा सिर्फ 2024 में आवेदित अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध होगा।

(2) <u>शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2024 के लिए आवेदित अभ्यर्थियों के Level of Exam में परिवर्तन के संबंध में</u> :– वर्ष 2024 में आवेदित अभ्यर्थियों से इस परीक्षा के लिए आवेदन प्रपत्र भरने के लिए कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है। 2024 में आवेदित कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा इस अन्तराल में अतिरिक्त शिक्षा ग्रहण कर ली गई है और वह नये Exam level के लिये भी पात्र हो गये हैं। फलस्वरुप वे पूर्व में भरे गये आवेदन प्रपत्र में चयनित Exam Level में परिवर्तन करना चाहते हैं और आवेदन प्रपत्र नये रुप में स्वीकार करने का अनुरोध किया जा रहा है। Exam Level में संशोधन किया जाना, शुल्क को प्रभावित करेगा। वर्ष 2024 में आवेदित अभ्यर्थियों से कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिये जाने का प्रावधान ज्ञापित है। फलतः जो अभ्यर्थी अपने पूर्व के आवेदन प्रपत्र के Exam Level में परिवर्तन करना चाहते हैं, उन्हें पूर्व के आवेदन प्रपत्र को रद्द कर नये रुप में आवेदन प्रपत्र भरा जाना आवश्यक होगा। अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम वर्ष 2024 में भरे गये आवेदन प्रपत्र को अपना Consent देते हुए Cancel करना होगा, तत्पश्चात् वे नये सिरे से परीक्षा आवेदन प्रपत्र भर सकेंगे। यह सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध है।

(3) <u>एकीकृत शैक्षणिक योग्यता से संबंधित समस्याएँ</u> :– कतिपय अभ्यर्थी एकीकृत शैक्षणिक योग्यता (Integrated Course) प्राप्त कर रहे हैं और पोर्टल पर उन्हें शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विवरणी में भरे जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे अभ्यर्थी पोर्टल पर 9999 का Static Number डालकर आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं, ताकि ऐसे अभ्यर्थियों की पहचान हो सके और भविष्य में इनसे सम्पर्क स्थापित कर वास्तविक डाटा प्राप्त किया जा सके।

(4) <u>अन्य समस्याओं हेतु हेल्पडेस्क</u> :– परिषद् द्वारा उपरोक्त समस्याओं के अतिरिक्त अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए एक हेल्पडेस्क ई–मेल jhtet2026helpdesk@gmail.com निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी को यदि उपरोक्त समस्याओं के अतिरिक्त आवेदन प्रपत्र भरने में अन्य कोई समस्या हो तो हेल्पडेस्क ई–मेल के माध्यम से अपनी समस्या रख सकते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी ई–मेल पर प्राप्त शिकायतों की सुनवाई नहीं की जायेगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

ज्ञापांक : **JAC/JTET/2136/26/Secy/396/26** **दिनांक : 14.05.2026**

प्रतिलिपि : वरीय सूचना प्रौद्योगिकी पदाधिकारी, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित कि उपरोक्त वेब नोटिस को परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।